झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग

चाय बगान, कालीनगर, नामकोम, राँची–834010.

झारखण्ड राज्य अन्तर्गत काराओं में वाहन चालक की भर्ती हेतु प्रतियोगिता परीक्षा–2018

आवश्यक सूचना संख्या–05

दिनांक : 02.01.2019

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या 03/2018 के आलोक में झारखण्ड राज्य अन्तर्गत काराओं में वाहन चालक की भर्ती हेतु प्रतियोगिता परीक्षा–2018 के अधीन लिखित परीक्षा दिनांक 20.01.2019 को राँची अवस्थित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी।

2. उक्त परीक्षा हेतु दिनांक 11.01.2019 के अपराह्न 11:00 बजे से 17.01.2019 की मध्य रात्रि तक आयोग के वेबसाईट www.jssc.nic.in पर उपलब्ध कराये गए लिंक के माध्यम से अभ्यर्थी रजिस्ट्रेशन संख्या तथा जन्म तिथि डालकर अपना प्रवेश पत्र (Admit Card) डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र (Admit Card) अलग से डाक द्वारा नहीं भेजा जायेगा। यदि कोई अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र (Admit Card) डाउनलोड नहीं कर पाते हैं तो वे दिनांक–18.01.2019 को फोटो एवं हस्ताक्षर युक्त अपने आवेदन पत्र के प्रिंट आउट तथा परीक्षा शुल्क भुगतान के प्रमाण के साथ कार्यालय अवधि में आयोग कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

3. उपर्युक्त परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को निम्नलिखित सलाह दी जाती है :–

क) अभ्यर्थी अपने निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश पत्र में अंकित तिथि को पूर्वाह्न 8:30 बजे निश्चित रूप से पहुँच जाये जहाँ उनकी सम्यक् जाँच के उपरान्त उनका बायो मैट्रिक डाटा तथा डिजिटल फोटो लिया जायेगा।

ख) अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, ड्राईविग लाईसेंस, पासपोर्ट, पैन कार्ड में से कोई एक फोटोयुक्त पहचान पत्र अपने साथ रखें तथा परीक्षा के समय मांगे जाने पर उसे प्रस्तुत करें। यदि पहचान पत्र एवं प्रवेश पत्र में नाम इत्यादि में कोई भिन्नता होगी तो सम्बन्धित अभ्यर्थी को परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जायेगा एवं इसके लिए सम्बन्धित अभ्यर्थी ही उत्तरदायी होंगे।

ग) कैलकुलेटर, पेजर, मोबाईल फोन, डिजिटल डायरी, लॉग बुक, ईयर फोन, ब्लू टुथ अथवा कोई अन्य संचार यंत्र/इलेक्ट्रोनिक उपकरण के साथ परीक्षा केन्द्र परिसर में प्रवेश नहीं करें। इस निदेश की अवहेलना को परीक्षा में कदाचार मानते हुए संबंधित अभ्यर्थी के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई के साथ–साथ आपराधिक मामला भी दर्ज किया जा सकता है।

घ) परीक्षा केन्द्रों पर मोबाईल जैमर तथा CCTV की व्यवस्था की गई है।

ह०/–

परीक्षा नियंत्रक।